### एक नजर में




**स्कूल छात्राओं ने निकाली नशामुक्ति रैली**

**बाड़ी, 16 जुलाई.** मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा 15 से 30 जुलाई तक नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है. पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाना ने भोपाल में पोस्टर जारी करते हुए इस अभियान का शुभारंभ किया. उन्होंने कहा कि मादक पदार्थ एवं नशे के दुष्प्रभावों के बारे में किशोर, युवा एवं अन्य नागरिकों को जागरूक करने और इसकी लत से दूर रहने के लिए ये अभियान चलाया जा रहा है. मध्यप्रदेश को नशामुक्त करने के लिए तमाम प्रयास किए जा रहे हैं. इसी क्रम मे 15 से लेकर 30 जुलाई तक मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा 'नशा मुक्ति अभियान-नशे से दूरी है जरूरी' चलाया जा रहा है. इसकी जानकारी देते हुए डीजीपी कैलाश मकवाना ने पोस्टर जारी किया और सभी से अपील की कि नशे से दूर रहें. उन्होंने कहा कि हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है कि नशे के दुष्प्रभावों से बच्चों, किशोर और युवाओं को अवगत कराएं और इससे बचाएं.

**मुख्यमंत्री के ससुर ब्रह्मानंद यादव को दी श्रद्धांजलि**

**सलामतपुर, 16 जुलाई.** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के ससुर ब्रह्मानंद यादव के निधन पर सलामतपुर स्थित साँची बौद्ध भारतीय ज्ञान-अध्ययन विश्वविद्यालय परिवार द्वारा गहन शोक व्यक्त किया गया. दिवंगत आत्मा की शांति के लिए विश्वविद्यालय परिवार द्वारा दो मिनट का मौन रखा गया. ब्रह्मानंद यादव एक सम्मानित एवं प्रेरणास्पद व्यक्तित्व थे, जिनका जीवन सादगी, समाज सेवा और संस्कारों का प्रतीक रहा. उनकी स्मृतियों को श्रद्धापूर्वक नमन करते हुए साँची बौद्ध भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो वैद्यनाथ लाभ ने मुख्यमंत्री के परिवार को दुख सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना की.

# हर घर शुद्ध जल योजना बनी परेशानी

## पाइप लाइन डालने खोदी सड़कें क्षतिग्रस्त, कीचड़ से स्कूली बच्चे परेशान

नवभारत न्यूज

**बेगमगंज, 16 जुलाई. शहर में जलावर्धन योजना 2.0 के तहत नगर पालिका ने नगर की कई कॉलोनियों में पाइप लाइन डालने का निर्माण के लिए प्राइवेट कंपनी को दिया है, लेकिन लाइन डालने के बाद खोदी गई सड़कों की मरम्मत संबंधित ठेकेदार द्वारा नहीं किए जाने से वार्डों में व्यवस्था चरमाई, क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत न होने से लोगों को बारिश में परेशान होना पड़ रहा है,खोदी गई सड़क में एक फीट तक गहरी नालिया बनकर गड्ढे हो गए है.**

प्रभावित विभिन्न कॉलोनियों के नागरिकों और स्कूली बच्चों को काफी परेशान होना पड़ रहा है, कई जगह तो लोगों को स्वयं सड़क पर गिट्टी, मुरम डलवानी पड़ रही है, जबकि कई नालिया तो पांच से छह माह पहले खोदी गई थीं, जिनकी आज तक मरम्मत नहीं कराई गई.



संबंधित निर्माण एजेंसी ने सड़क खोदकर पाइप लाइन तो डाल दी, लेकिन 6 माह समय बीतने के बाद भी हर घर शुद्ध जल कनेक्शन नहीं किए गए और न ही कि क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत की गई. नगर के अयोध्या नगर कॉलोनी में पाइप लाइन डालने का कार्य दिसम्बर में किया गया था, लेकिन अभी तक संबंधित ठेकेदार ने सड़क की मरम्मत नहीं कराई है, जिससे बारिश में लोगों को घर से निकलने तक में परेशानी हो रही है.

वार्डवासियों में उमाशंकर तिवारी, महेश सक्सेना, शिवा यादव, नीलेश यादव, अंशुमन शर्मा, हल्के सेन ने बताया कि पूरी कालोनी की सड़कें खोद डालीं, लेकिन इतने समय बाद भी सड़कों की मरम्मत नहीं कराई गई है. हमारे घर के सामने पाइप लाइन खोदने के बाद सड़क खुदी पड़ी है, जिसमें एक - एक फिट के गड्ढे हो गए है,जिनमें पानी भर चुका है. अब एक माह की बारिश में कीचड़ बन गई सड़कों पर अब पैदल निकला भी मुश्किल हो रहा है. जहां के निवासी स्वयं परेशान होने के बाद अब स्वयं ही कीचड़ में मुरम डलवा रहे हैं.

अयोध्या नगर कॉलोनी, स्टेट बैंक कालोनी, दीनदयाल कालोनी, महाराणा प्रताप रोड सहित अन्य जगह भी यही स्थिति बनी हुई है. साथ ही कॉलोनी में पानी निकासी की भी व्यवस्था नहीं की गई है, जिससे बारिश का पानी खाली जगह में भरने से लोगों के घरों तक पहुंच रहा है.

**गिर रहे मोटर साइकल चालक**

सीसी रोड को काटकर भी पाइप लाइन डाली गई है, लेकिन उसकी मरम्मत न होने पर चार पहिया और मोटर साइकलों के पहिया फंसने से चालक गिरकर घायल हो रहे हैं. साथ ही मोटर साइकल वाहन रखने मै लोग चोटिल हो रहे है. सभी जगह यही स्थिति है और नगर पालिका अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं. जबकि लोग कई बार अध्यक्ष, पार्षद, सीएमओ से मांग भी कर चुके हैं. पिछले दिनों नगर पालिका अध्यक्ष ने कुछ कॉलोनियों का निरीक्षण कर मरम्मत कराने के निर्देश दिए थे, लेकिन ठेकेदार ध्यान नहीं दे रहा है. प्रभारी मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेन्द्र शर्मा का कहना है कि उन्होंने हाल ही में ज्वाइनिंग की है. वार्डों के निरीक्षण उपरांत सभी जर्जर सड़कों को दुरुस्त कराया जाएगा.

# नशा पूरे समाज को प्रभावित करता है : थाना प्रभारी

## जनजागरुकता अभियान में स्कूली छात्र-छात्राओं को दी जानकारी

नवभारत न्यूज़

**सलामतपुर, 16 जुलाई. मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा 15 जुलाई से 30 जुलाई तक चलाए जाने वाले वृहद जनजागरुकता अभियान नशे से दूरी है जरूरी के तहत बुधवार को सलामतपुर हायर सेकेंडरी स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया गया. इस दौरान एएसआई राजेश यादव, प्रधान आरक्षक हेत सिंह मीणा, महिला प्रधान आरक्षक विमला यादव और आरक्षक रोहित गोस्वामी और स्कूल प्राचार्य सहित स्टॉफ़ मौजूद रहा.**

पुलिस ने छात्र-छात्राओं को बताया कि स्वस्थ्य रहना है तो नशे से दूर रहना होगा. नशा स्वास्थ्य के साथ-साथ आर्थिक और सामाजिक हानि भी पहुंचाता है. सभी को नशामुक्त भारत बनाने के लिए सक्रिय भागीदारी निभाने की शपथ दिलाई गई.



सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने अभियान के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 30 जुलाई तक चलाए जाने वाले इस अभियान का उद्देश्य किशोरों और युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना, उन्हें इस लत से दूर रखना और जो लोग पहले से नशे की गिरफ्त में हैं, उन्हें उचित परामर्श और सहयोग प्रदान कर पुनर्वास की दिशा में मार्गदर्शन देना है. अभियान के तहत 30 जुलाई तक स्कूल-कॉलेज में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे. इस जन-जागरूकता अभियान में विभिन्न शासकीय विभाग, गैर-सरकारी संगठन, धर्माचार्य, समाजसेवी, जनप्रतिनिधि, और ग्राम एवं नगर सुरक्षा समितियाँ सक्रिय रूप से भाग लेंगी. समाज के सभी वर्गों के सहयोग से समाज के हर वर्ग तक संदेश पहुँचाया जाएगा कि नशा केवल व्यक्ति ही नहीं, पूरे समाज को प्रभावित करता है इससे दूरी रखना बहुत आवश्यक है.

# ऑटो ने बाइक में मारी टक्कर, 2 लोग घायल

## भोपाल विदिशा हाइवे 18 पर हुई घटना

नवभारत न्यूज़

**सलामतपुर, 16 जुलाई. देर रात भोपाल विदिशा स्टेट हाइवे 18 के वाटिका ढाबे के पास एक तेज़ रफ़्तार सवारी ऑटो ने लापरवाही से चलाते हुए मोटरसाइकिल में सामने से टक्कर मार दी, जिससे मोटरसाइकिल सवार 2 लोग घायल हो गए. घायलों को सलामतपुर पुलिस जानकारी मिलते ही तत्काल इलाज के लिए सांची सिविल अस्पताल ले गई. जहां पर उनका प्राथमिक उपचार किया गया. हालात बिगड़ने पर दोनों घायलों को विदिशा अस्पताल रेफर किया गया है.**


वहीं पुलिस ने ऑटो ज़ब्त कर चालक के विरुद्ध धारा 281, 125(ए) बीएनएस का मामला दर्ज किया है. पुलिस के अनुसार फरियादी राजेन्द्र कुमार शर्मा पिता बीएल शर्मा निवासी बंटी नगर विदिशा अपने साथी सालकराम सेन की मोटर साइकिल एमपी04 क्यूयू 2427 से विदिशा से भोपाल जा रहे थे. रास्ते में वाटिका ढाबे के पास बेरखेड़ी चौराहे से सांची जा रहे सवारी ऑटो चालक ने तेज़ व लापरवाही से ऑटो चलाते हुए टक्कर मार दी.




**इनका कहना है...**

हाइवे 18 वाटिका ढाबे के पास सवारी ऑटो चालक ने तेज़ व लापरवाही से चलाते हुए सामने से आ रही बाइक में टक्कर मार दी. जिससे बाइक सवार 2 लोग घायल हो गए. घायलों का सांची सिविल अस्पताल में उपचार कराया गया. हालत बिगड़ने पर विदिशा रेफर किया गया. ऑटो ज़ब्त कर ड्रायवर के विरुद्ध मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई है.

**- दिनेश सिंह रघुवंशी, थाना प्रभारी सलामतपुर.**




# बीएलओ चुनाव व्यवस्था की रीढ़ : एसडीएम

## बूथ लेवल ऑफिसर्स का राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

**बेगमगंज, 16 जुलाई. भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बूथ लेवल ऑफिसर्स (बीएलओ) के लिए राष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण कार्यक्रम शासकीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय महाविद्यालय में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया. इस चार दिवसीय प्रशिक्षण में कुल 277 बीएलओ अधिकारियों ने भाग लिया, जिनमें प्रतिदिन औसतन 70 बीएलओ उपस्थित रहे.**

कार्यक्रम का शुभारंभ अनुविभागीय अधिकारी एवं निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी 143-सिलवानी विधानसभा सौरभ मिश्रा के कर कमलों द्वारा दीप प्रज्वलन एवं प्रेरणा दायक संबोधन के साथ हुआ. उन्होंने बीएलओ अधिकारियों को चुनाव व्यवस्था की रीढ़ बताते हुए उनके कर्तव्यों एवं उत्तरदायित्वों पर प्रकाश डाला.

# विधायक डॉ. चौधरी ने किया नशे के खिलाफ अभियान का शुभारंभ

नवभारत न्यूज

**रायसेन, 16 जुलाई. ध्यप्रदेश पुलिस द्वारा 15 से 30 जुलाई तक चलाए जाने वाले वृहद जन-जागरूकता अभियान ''नशे से दूरी - है जरूरी'' का रायसेन में पूर्व कैबिनेट मंत्री व सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी द्वारा शुभारंभ किया गया.**

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत बब्लू मीणा, कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा, जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, पुलिस अधीक्षक पंकज कुमार पाण्डे एएसपी कमलेश खरपुसे भी उपस्थित रहे. इस अवसर पर सांची विधायक डॉ चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की प्रेरणा से प्रदेश को नशामुक्त बनाने की दिशा में पुलिस विभाग द्वारा ''नशे से दूरी-है जरूरी'' जनजागरुकता अभियान चलाया जा रहा है. यह वास्तव में काबिले तारीफ है. उन्होंने कहा कि स्वस्थ्य रहना है तो नशे से दूर रहना होगा. नशा स्वास्थ्य के साथ-साथ आर्थिक और सामाजिक हानि भी पहुंचाता है.

विधायक डॉ चौधरी द्वारा सभी को नशामुक्त भारत बनाने के लिए उपस्थित लोगों को सक्रिय भागीदारी निभाने की शपथ भी दिलाई गई. कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक पंकज पाण्डे ने बताया कि 15 से व 30 जुलाई तक चलाए जाने वाले इस अभियान का उद्देश्य किशोरों और युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना, उन्हें नशे की इस बुरी लत से दूर रखना है.

# भ्रष्टाचार, शोषण के खिलाफ आंदोलन करेगी गोंगपा

नवभारत न्यूज

**सिलवानी, 16 जुलाई. प्रदेश सरकार में भ्रष्टाचार का खुला खेल चल रहा है. शासकीय कार्यालयों में बगैर पैसों के कार्य नहीं हो रहे हैं. शिकायत के बाद भी कार्रवाई नहीं हो रही है. भ्रष्टाचार, भाई भतीजावाद के खिलाफ आगामी दिनों में सिलवानी मुख्यालय पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा.**

यह बात गोडवाना गणतंत्र पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव कुंवर बलवीर सिंह तोमर ने बुधवार को लोनिवि के विश्राम ग्रह में पत्रकारों से चर्चा करते हुए कही. यहां पर गोडवाना गणतंत्र पार्टी की युवा विंग के राष्ट्रीय महामंत्री यशवंत कुमार भी मौजूद रहें. तोमर ने कहा कि प्रदेश भर में अवैध शराब का काम व्यापक स्तर पर शराब माफियाओं के द्वारा अधिकारियो की मिली भगत से बैखोप चलाया जा रहा है जिससे युवा पीड़ी बर्बाद हो रही है. नहरो, सड़को, पुल पुलियो के निर्माण में अनियमित्ताए की जा रही है, गुणवत्ताहीन निर्माण कार्य किए जा रहे हैं.



सिलवानी तहसील के जैथारी सर्किल में स्थित सेमरा खास तथा शानाबर्रु नहरो के निर्माण में बड़े पैमाने पर अनियमित्ताए हुई शिकायत के बाद भी कार्रवाही नही की गई. जन कल्याणकारी योजनाओं में खुला भ्रष्टाचार हो रहा है पात्र हितग्राही लाभ से वंचित है. उन्होंने बताया कि अनियमितताओं से पीएम को पत्र लिख कर अवगत कराएंगे तथा अगामी दिनों में तहसील मुख्यालय सिलवानी में भ्रष्टाचार के खिलाफ प्रदर्शन कर दबे, कुचले, शोषित वर्ग की आवाज को उठाया जाएगा.

# सांदीपनि स्कूल की भूमि से अतिक्रमण हटाने नोटिस

## कब्जाधारियों को वितरित कर रहे नगर परिषद के 5 कर्मचारी

नवभारत न्यूज

**सिलवानी, 16 जुलाई. सांदीपनि विद्यालय की भूमि पर कब्जा कर दुकाने बना कर व्यवसाय कर रहे करीब 155 दुकानदारों को नगर परिषद ने नोटिस जारी कर 3 दिवस मे कब्जा हटाने के निर्देश दिए हैं. नोटिस वितरण करने का कार्य नगर परिषद के 5 कर्मचारियों राहुल कलोसिया, संजीव कलोसिया, सीताराम साहू, सतीश कुशवाहा तथा आरिफ खां के द्वारा किया जा रहा हैं.**

कब्जा हटाने का नोटिस मिलते ही कब्जा धारियों में हड़कंप मचा हुआ है. नोटिस में उल्लेख किया गया है कि सांदीपनि विद्यालय का निर्माण कार्य अंतिम चरण में हैं. जिसकी बाऊंड्री बॉल का निर्माण कार्य प्रारंभ किया जाना है. लेकिन भूमि पर अतिक्रमण होने से निर्माण कार्य करना संभव नही हो रहा है. नोटिस में कब्जाधारियों को स्पष्ट किया गया है कि 3 दिवस में किए गए अतिक्रमण को हटा ले अन्यथा निकाए अधिनियम के तहत अनाधिकृत अतिक्रमण हटाए जाने की कार्रवाही की जाएगी. जारी किए गए नोटिस की जानकारी से कलेक्टर, एसडीएम तहसीलदार, तथा थाना प्रभारी को भी अवगत कराया गया है.

# खाद को लेकर कांग्रेस करेगी आंदोलन

**रायसेन, 16 जुलाई.** खरीफ फसल की बुआई के बीच तहसील रायसेन क्षेत्र में रासायनिक खाद की भारी किल्लत बनीं हुई है.कांग्रेसियों द्वारा जिला व पुलिस प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि वरना कांग्रेस मोर्चा खोल देगी. सिलवानी विधायक देवेंद्र पटेल, युवक कांग्रेस अध्यक्ष हर्ष वर्धन सोलंकी, रायसेन ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनोज अग्रवाल, मीडिया प्रभारी जावेद अहमद खान आदि कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि किसानों से एक माह पूर्व नगद राशि लेने के बाद भी सहकारी समितियां खाद नहीं दे रहीं. यह सरासर गलत है. शहर के प्राइवेट दुकानदार निर्धारित दर से अधिक कीमत पर खाद बेच रहे हैं, वहीं नकली खाद-दवाओं की भी शिकायतें सामने आ रही हैं.

# बाइक पर बैठने को लेकर विवाद, डंडे से पीटा

**सलामतपुर.16 जुलाई.** थाना क्षेत्र अंतर्गत भरतीपुर गांव में मोटरसाइकिल पर बैठने जैसी ज़रा सी बात पर दो युवकों के बीच जमकर डंडे चल गए. जिसमें एक युवक का सिर फट गया.

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार भरतीपुर गांव में गोरालाल की दुकान पर राजा धानक अपनी मोटरसाइकिल से सामान लेने आया था. और उसने अपनी मोटरसाइकिल दुकान के सामने खड़ी कर दी. तभी गांव के ही बाबूलाल धानक उसकी मोटरसाइकिल पर बैठ गए. राजा ने मोटरसाइकिल पर बैठने को मना किया. बाबूलाल मोटरसाइकिल से नही उठा तो राजा धानक ने गाली गलौच करते हुए डंडे से मारपीट शुरू कर दी. पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में लिया है.

**धर्मसभा** | **पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में मुनिश्री साक्ष्य सागर महाराज के प्रवचन**

# जीव चंदन के वृक्ष की तरह, लेकिन वह इससे अनभिज्ञ

नवभारत न्यूज

**सिलवानी, 16 जुलाई. श्रावक को प्रति दिन मंदिर जाकर पूजा अर्चना अभिषेक करने के साथ ही जिनवाणी का स्वाध्याय भी करना चाहिए. स्वाध्याय करने से जिनवाणी की विनय होती है साथ ही स्वाध्याय करने से जीवन में सात्विकता का विकास भी होता है. यह उद्गार मुनि साक्ष्य सागर महाराज ने व्यक्त किए. मुनि संघ के द्वारा नगर में चातुर्मास किया जा रहा है.**

उन्होंने बताया कि जिसके भाव अच्छे होते है वह ही जीवन में बोलचाल में साहित्यक शब्दो का उपयोग कर सभी के दिल में अपनी जगह बना लेता है। उन्होने बताया कि जैन कुल में आने के बाद व्यक्ति सम्यग दर्शन के द्वारा आत्मा का कल्याण कर सकता हैं.




**मोबाइल मनुष्यता को खा रहा है:** मुनि साक्ष्य सागर महाराज ने बताया कि व्यक्ति स्वयं के पास रखी वस्तु का ज्ञान प्राप्त नही कर रहा है. हीरे को भी पत्थर समझ रहा है. मोबाइल का उपयोग व्यक्ति आवश्यक कार्य के लिए नही कर रहा है. वर्तमान में मोबाइल मनुष्यता के लिए खतरा बनता जा रहा है. बल्कि मोबाइल मनुष्यता को खाता जा रहा है. उन्होने कहा कि उस वस्तु की परख करो जो आपको मिला है. उन्होंने कहा कि एक एक इंद्रिय का सद्उपयोग करो, बिखर रहे परिवारों को बिखरने से बचाओ, बिखरा परिवार समाज के लिए शुभ संकेत नहीं होते हैं.

धर्मसभा में उपस्थित समाजजनो को संबोधित करते हुए मुनि निवृत्त सागर महाराज ने कहा कि कर्मों का फल स्वयं को ही भोगना पड़ता है. चुगली करने वाला इस जन्म और अगले जन्म में भी दुख भोगता है. निंदनीय कर्मों से बचें. सही श्रावक ही भगवान महावीर का सच्चा भक्त कहलाता है. किसी के प्रति बुरा सोचने से उसका बुरा नही होता बल्कि स्वयं का ही अहित करता हैं. उन्होंने कहा कि भगवान महावीर तीनों लोको को दर्पण की तरह जानते हैं.



# राजकुमार राजपूत करणी सेना के जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त

**सिलवानी, 16 जुलाई.** राजपूत करणी सेना के प्रदेश प्रमुख अनुराग प्रताप सिंह राघव की सहमति से जिलाध्यक्ष ठाकुर अंकुश सिंह रघुवंशी के द्वारा मुआर ग्राम निवासी राजकुमार रघुवंशी को करणी सेना का रायसेन जिला मीडिया प्रभारी नियुक्त किया.

रघुवंशी की नियुक्ति पर मित्रों, शुभचिंतकों, कार्यकर्ताओं आदि ने शुभकामना दी व उज्जवल भविष्य की कामना की.